केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी), 2018
प्रवेश सूचना

वर्ष 2018 में संशोधित भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम - 1956 व दंत चिकित्सक अधिनियम - 1948 के अनुसार व संसद के अधिनियमों से स्थापित संस्थानों यथा एआईआईएमएस तथा जेआईपीएमईआर पुडुचेरी को छोड़ कर भारत में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भारतीय चिकित्सा परिषद / भारतीय दंत परिषद के अनुमोदन से चलाये जा रहे चिकित्सा / दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस /बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी),2018 (एनईईटी-यूजी-2018) के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

एमबीबीएस / बीडीएस पाठ्यक्रमों की सभी सीटों के लिए दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी), 2018 के माध्यम से होगा। सीटों की निम्नलिखित श्रेणिया हैं :

(i) अखिल भारतीय कोटा सीटें

(ii) राज्य सरकार कोटा सीटें

(iii) केंद्रीय संस्थान/ विश्वविद्यालय/ मानित विश्वविद्यालय

(iv) प्राइवेट चिकित्सा/दंत-चिकित्सा महाविद्यालय अथवा प्राइवेट विश्वविद्यालय में राज्य/प्रबंधन/एनआरआई कोटा सीटें

(v) केंद्रीय पूल कोटा सीटें

आधार नंबर की आवश्यकता

- जम्मू-कश्मीर, असम व मेघालय राज्यों को छोड़कर सभी भारतीय नागरिकों व भारत के सामान्य निवासियों को नीट (यूजी) – 2018 का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आधार नंबर की आवश्यकता होगी।
- अनिवासी भारतीयों के लिए एनईईटी (यूजी)-2018 का ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु पासपोर्ट नंबर होना आवश्यक है।
- विदेशी नागरिकों, विदेशी भारतीय नागरिकों (ओसीआई), भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए एनईईटी(यूजी)-2018 का ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु पासपोर्ट नंबर होना अनिवार्य है।
- एनईईटी(यूजी)-2018 का आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को अपना आधार नंबर, नाम, जन्म-तिथि व लिंग का विवरण भरना होगा तथा सूचना के यूआईडीएआई के डेटाबेस से पुष्टिकरण करने हेतु सीबीएसई को सहमति भी देनी होगी। यदि यह विवरण मिलान नहीं होते हैं तो अभ्यर्थी एनईईटी (यूजी) 2018 के लिए आवेदन पत्र नहीं भर सकेगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है की वह सुनिश्चित कर लें कि आधार कार्ड पर उनके नाम, जन्म तिथि तथा लिंग से संबन्धित सूचना स्कूल के रिकॉर्ड के अनुसार सही है। यदि इन विवरणों में कहीं त्रुटि है तो अभ्यर्थियों को तुरंत इसे आधार डेटा या स्कूल रिकॉर्ड, जैसा भी मामला हो, में सुधार करवाना चाहिए।

परीक्षा की पद्धति

एन॰ई॰ई॰टी॰ (यूजी) परीक्षा में एक पेपर होगा जिसमें भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान (वनस्पति एवं प्राणि विज्ञान) से 180 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (एक सही उत्तर सहित 4 विकल्प) होंगे। परीक्षा की अवधि पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक 3 घंटे की होगी।

पात्रता मानदण्ड

i) भारतीय नागरिक, अनिवासी भारतीय (एनआरआई), भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई), भारतीय मूल के व्यक्ति तथा विदेशी नागरिक राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) -2018 में बैठने के पात्र हैं।

ii) उम्मीदवार ने प्रवेश के समय 17 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो अथवा 31 दिसम्बर 2018 अर्थात एमबीबीएस / बीडीएस कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश तक या उससे पूर्व आयु पूरी कर लेगा।

iii) एमबीबीएस / बीडीएस पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा परीक्षा की तिथि के दिन 25 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति/ जन जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों तथा निशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत आरक्षण के हकदार अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की छूट रहेगी।

अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए	**07.05.1993 तथा 01.01.2002 को अथवा के बीच जन्म तिथि हो**
अनुसूचित जाति/ जन जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग/शा.वि. के अभ्यर्थियों के लिए	**07.05.1988 तथा 01.01.2002 को अथवा के बीच जन्म तिथि हो**

iv) उम्मीदवार को भौतिकी, रसायन-शास्त्र , जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी एवं अंग्रेजी विषयों में अलग - अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा अर्हक परीक्षा में भौतिकी, रसायन-शास्त्र व जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी को मिलाकर 50 % अंक प्राप्त किए हों।

v) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित उम्मीदवारों द्वारा अर्हक परीक्षा में भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी को मिलाकर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के 50% की बजाय 40% अंक प्राप्त किए होने चाहिए।

vi) निशक्तजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत विनिर्दिष्ट मानक निशक्तता वाले अभ्यर्थियों के संबंध में अर्हक परीक्षा में भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी को मिलाकर सामान्य वर्ग अभ्यर्थियों के लिए 50% व अ.ज./अ.ज.जा./अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए 40% की बजाय 45% अंक प्राप्त किए हों।

vii) बशर्ते सभी अभ्यर्थियों के लिए 10+2 स्तर पर भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी को मिलाकर 02 वर्ष का नियमित व निरंतर अध्ययन किया होना चाहिए।

viii) ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने 10+2 परीक्षा मुक्त विद्यालय अथवा प्राइवेट अभ्यर्थी के तौर पर उत्तीर्ण की है, वे राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा, 10+2 स्तर पर जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी का अतिरिक्त विषय के रूप में किए गए अध्ययन की भी अनुमति नहीं होगी।

ix) वर्ष 2018 में कक्षा XII परीक्षा में उपस्थित होने वाले (अभ्यर्थी) प्रवेश परीक्षा में अंनतिम रूप से बैठ सकते हैं, बशर्ते वे बाद में शर्तों को पूरा कर लें।

x) चूंकि आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना राज्यों ने शामिल होने व शैक्षणिक वर्ष 2018-19 से आगे 15% से अखिल भारतीय कोटा के तहत अभ्यर्थियों को आबंटित करने के लिए अपनी एमबीबीएस/बीडीएस सीटों का योगदान करने का निर्णय लिया है, इन राज्यों के अभ्यर्थी भी 15% अखिल भारतीय कोटा सीटों के पात्र होंगे।

परीक्षा की तिथि : 06 मई , 2018 (रविवार)

समय-सारणी और शुल्क विवरण

ऑनलाइन आवेदन करने की समय-सारणी	08.02.2018 (वीरवार) से 09.03.2018 (शुक्रवार) रात्रि 23:50 बजे तक (भा.मा.स.)	
ऑनलाइन शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान की समय-सारणी	08.02.2018 (वीरवार) से 10.03.2018 (शनिवार) रात्रि 23:50 बजे तक (भा.मा.स.)	
शुल्क विवरण	**सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग**	**अ.जा./ अ.ज. जा./शा. वि.**
	रु॰ 1400/-	रु॰ 750/-

मेडिकल / डेंटल कॉलेज में सीटों के लिए आरक्षण और प्रवेश

1. अभ्यर्थियों की अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट एवं अखिल भारतीय रैंक, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी एवं उम्मीदवारों को केवल उसी लिस्ट से मौजूदा आरक्षण की नीतियों का पालन करते हुए एमबीबीएस / बीडीएस कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा।
2. एमबीबीएस / बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल संबंधित श्रेणियों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
3. मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में प्रवेश के लिए अन्य सभी मौजूदा पात्रता मानदंड संबंधित राज्य/ संघ राज्य/ संस्थान/ विश्वविद्यालय की नीतियों के अनुसार लागू होंगे।

आवेदन कैसे करें

- उम्मीदवार केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।
- ऑनलाइन आवेदन केवल बोर्ड की वेबसाइट www.cbseneet.nic.in पर जाकर किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने और फीस का भुगतान करने के लिए अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- उम्मीदवार निम्न प्रकार से फीस जमा करा सकते हैं:
  - (क) किसी भी डेबिट / क्रेडिट कार्ड द्वारा
  - (ख) नेट बैंकिंग/यूपीआई द्वारा या
  - (ग) विभिन्न सेवा प्रदाताओं के ई-वैलट द्वारा

काँऊसलिंग विवरण

1. सीबीएसई अखिल भारतीय रैंक उपलब्ध कराएगी। परीक्षा परिणाम, डीजीएचएस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलाय, भारत सरकार को दाखिला करने वाले प्राधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए दिया जाएगा।
2. दाखिला करने वाले प्राधिकारियों द्वारा काँऊसलिंग के लिए प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए जाएंगे तथा वरीयता सूची दाखिला करने वाले प्राधिकारियों द्वारा उनके लागू नियमों के तहत अखिल भारतीय रैंक के आधार पर तैयार की जाएगी।

सामान्य सेवा केन्द्र / सुविधा केंद्र

आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी आवेदन फार्म भरने के लिए **सामान्य सुविधा केन्द्रों** की सहायता ले सकते हैं। सुविधा केन्द्रों की सूची वेबसाइट www.cbseneet.nic.in पर उपलब्ध है।

सूचना बुलेटिन

परीक्षा, पाठ्यक्रम, शामिल होने/ प्रवेश के पात्रता मानदंड, आरक्षण, परीक्षा शुल्क, परीक्षा के शहर, पात्रता का राज्य कोड, आयु, आदि की विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में हैं जो वेबसाइट www.cbseneet.nic.in पर उपलब्ध है। अत: अभ्यर्थी आवेदन फार्म जमा करने से पूर्व ऑनलाइन उपलब्ध सूचना बुलेटिन में दिए गए विस्तृत विवरण का अवलोकन कर लें।

संपर्क विवरण

उप- सचिव
राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा यूनिट
वेबसाइट - **www.cbseneet.nic.in**
ई-मेल पता – neet.cbse@nic.in
दूरभाष न॰ – 011 - 22041807, 011 - 22041808,
फ़ैक्स संख्या - 011-22509251
टोल फ्री न॰ - 1800118002,
मोबाइल न॰ - 9773720177, 9773720178, 9773720179

निदेशक (एनईईटी)